Eco. (WAD) AIR No. 33/16-17

लेखापरीक्षा निरीक्षण प्रतिवेदन सं॰ आर्थिक क्षेत्र

वित्तीय वर्ष	मुख्य लेखा शीर्ष	कुल आवंटन	कुल व्यय

कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, सहसपुर (देहरादून) के माह 04/2012 से 06/2016 तक के लेखा अभिलेखों पर आधारित सर्व श्री आर.एन.यादव, श्री डी. के. मट्टू सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, एवं श्री अंकित पाण्डेय संप्रेक्षक द्वारा दिनांक 12/07/16 से 16/07/2016 तक नियंत्रक महालेखापरीक्षक के डी0पी0सी0एक्ट की धारा 13 के अन्तर्गत लेखापरीक्षा निरीक्षण प्रतिवेदन।

निरीक्षण आख्या **कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, सहसपुर (देहरादून)** द्वारा उपलब्ध करायी गई सूचना के आधार पर तैयार की गयी है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गई किसी त्रुटिपूर्ण सूचना अथवा अप्राप्त सूचना के लिये कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

भाग-प्रथम

प्रस्तावनाः-

1. कार्यालय की प्रथम लेखापरीक्षा है।
2. वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 04/2012 से 06/2016 तक के लेखाभिलेखों की सामान्यतया जांच की गयी।
3. लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित कार्यालय अध्यक्षों नें कार्यालय का कार्यभार सम्भाले रखा।
   1. श्री विनय कुमार 01-02-2012 से 30-10-2012 तक
   2. श्री नारायण सिंह् चौधरी 30-10-2012 से 31-07-2013 तक
   3. श्री हरीशंकर पाण्डेय 01-08-2013 से वर्तमान तक

क्रम सं॰	लेखापरीक्षा निरीक्षण प्रतिवेदन सं॰	अनिस्तारित कण्डिकाएं
	इकाई की प्रथम लेखापरीक्षा	

4.अप्रस्तुत अभिलेख- शून्य

5. सतत अनियमितताए-शून्य

6. सम्प्रेषित अवधि मे मुख्य लेखा शीर्षो मे कुल आवंटन एवं व्यय (धनराशि लाख में)

2012-13	2401	144.35	108.71
2013-14	2401	193.19	185.27
2014-15	2401	206.33	180.56
2015-16	2401	209.28	262.46
2016-17	2401	75.93	48.68

STAN

1. कृषि रक्षा कार्यकर्मो के निर्धारित भौतिक लक्ष्य की पूर्ति में 48% की कमी।

कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, सहसपुर (देहरादून) के अभिलेखों की नमूना जांच (07/2016) में पाया गया कि माह 03/2016 की प्रगति आख्या के अनुसार वर्ष 2015-16 में कृषि रक्षा कार्यक्रमों की खरीफ के भौतिक लक्ष्य एवं उनके सापेक्ष क्रमिक पूर्ति की स्थिति निम्नवत थी।

क्रम सं॰	मद	वार्षिक लक्ष्य 2015-16 खरीफ (है॰)			क्रमिक पूर्ति है॰ खरीफ			लक्ष्य पूर्ति मे कमी प्रतिशत
		कैमि॰	बायो॰	योग	कैमि॰	बायो॰	योग	
1.	बीज शोधन	3817	1253	5070	2623	-	2623	48%
2.	सामान्य कीट नियंत्रण	1200	-	1200	918	-	918	23%
3.	सघन कृषि रक्षा कार्यक्रम	2660	710	3370	1742	185	1927	43%
4.	खरपतवार निवारण	1740	-	1740	1321	-	1321	24%
5.	चूहा नियंत्रण	3590	-	3590	1050	-	1050	71%
	योग	13007	1963	14970	7654	185	7839	48%

इकाई के अंतर्गत वर्ष 2015-16 में कृषि रक्षा कार्यक्रमों की खरीफ के विभिन्न मदों की कुल निर्धारित भौतिक वार्षिक लक्ष्य 14970 हैं० था, जिसके सापेक्ष कुल क्रमिक पूर्ति मात्र 7839 हैं. थी, जो कुल वार्षिक लक्ष्य का मात्र 52% था। इस प्रकार भौतिक वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति में 48% की कमी रही।

उक्त के संदर्भ में इंगित किये जाने पर ईकाई ने अवगत कराया कि बजट के अभाव में बिल भुगतान हेतु अवशेष हैं, जिस कारण प्रगति कम दर्शायी गयी हैं।

ईकाई का उत्तर मान्य नहीं था क्योंकि निर्धारित वार्षिक लक्ष्य (है०) के सापेक्ष क्रमिक पूर्ति (है०) जिसे दर्शाया गया था अत्यन्त कम थी तथा बिल भुगतान किया जाना अवशेष था जिस कारण प्रगति कम दर्शायी गयी। भौतिक प्रगति दर्शाने के सम्बन्ध में उत्तर तर्क संगत नहीं था।

इस प्रकार वर्ष 2015-16 में कृषि रक्षा कार्यक्रमों के निर्धारित भौतिक लक्ष्य की पूर्ति में 48% की कमी का प्रकरण संज्ञान में लाया जाता हैं।

भाग-तीन

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमिततायें जिनका स्थल पर समाधान नहीं हो सका। उनको नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित करके **कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, सहसपुर (देहरादून)** को प्रेषित, जिसकी अनुपालन आख्या एक माह के अन्दर सीधे वरिष्ठ उपमहालेखाकार/आर्थिक खण्ड, कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, सी-1/105, वैभव पैलेस, इन्दिरा नगर, देहरादून को भेजना सुनिश्चित करेंगें।

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/आर्थिक-II